दिनांक- 22.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 238/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 22.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 22.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 238/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 22.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।







दिनांक- 22.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 239/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना श्रीनगर

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम व बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में थानाध्यक्ष श्रीगनर द्वारा गठित टीम के उ0नि0 संदीप विमल मय उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल व हमराह रि0का0 नीरज गुप्ता द्वारा 01 नफर अभियुक्त गनेशी अहिरवार पुत्र ग्यासी अहिरवार उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम रेखा थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर (म0प्र0) को कुंजर कबूतरा डेरा तिराहा ग्राम बिलरही थाना श्रीनगर जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से एक अदद पीले झोले में 50 क्वार्टर देशी शराब ब्राण्ड "झूम" नाजायज बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर जनपद महोबा में अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 105/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:**

- उ0नि0 संदीप विमल
- उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
- रि0का0 नीरज गुप्ता

**गिरफ्तार अभियुक्त:**

- गनेशी अहिरवार पुत्र ग्यासी अहिरवार उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम रेखा थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर (म0प्र0)

**बरामदगी विवरण:**

- एक अदद पीले झोले में 50 क्वार्टर देशी शराब ब्राण्ड "झूम" नाजायज बरामद



दिनांक- 22.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 240/26

# महोबा पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अपर जिलाधिकारी महोबा के साथ थाना चरखारी क्षेत्र में मोहर्रम की सातवीं तारीख को निकलने वाले दुलदुल (घोड़ा) जुलूस के दृष्टिगत आयोजक कमेटी के सदस्यों के साथ की गयी बैठक।

## जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

## जुलूस मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज दिनांक 22.06.2026 को थाना चरखारी में अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुँवर पंकज, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं प्रभारी निरीक्षक चरखारी श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ मोहर्रम की सातवीं तारीख को हजरत हुसैन की सवारी के प्रतीक के रूप में आयोजित होने वाले दुलदुल (घोड़ा) जुलूस से संबंधित आयोजक कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक के दौरान जुलूस के शांतिपूर्ण एवं सकुशल आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की गयी तथा आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, अपर जिलाधिकारी महोबा व अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण/भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, संवेदनशील स्थलों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

अधिकारियों द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि प्रशासन एवं पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।





दिनांक- 22.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 241/26

# महोबा पुलिस

## मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु महोबा पुलिस सतर्क, क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए जुलूस मार्गों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मोहर्रम से संबंधित विभिन्न जुलूसों जैसे नेजे का जुलूस, आलम का जुलूस, अलाव का जुलूस एवं ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्गों का संबंधित ताजियेदारों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रमुख स्थानों पर स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की गई।

क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे।

इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली अंतर्गत समस्त चौकी/हल्का प्रभारियों एवं बीट आरक्षियों को मोहर्रम से संबंधित सभी दिवसों के जुलूस कार्यक्रमों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक ब्रीफिंग दी गई। उन्हें संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, सतत भ्रमणशील रहने एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।




